ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 03-03-2023

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-03-03 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-03-04	2023-03-05	2023-03-06	2023-03-07	2023-03-08
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	32.0	32.0	32.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	11.0	11.0	10.0	10.0	10.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	40	30	30	25
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	15	15	10	15	15
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	15.0	12.0	13.0	10.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	300	300	110	300	30
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	2	0	1	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (24 फरवरी,-02 मार्च 2023) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहने के साथ कहीं-कहीं बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 27.5 से 31.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 8.8 से 12.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 79 से 92 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 28 से 47 प्रतिशत एवं हवा 0.5 से 5.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 31.0 से 32.0 व 10.0 से 11.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 10.0-15.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व, उत्तर-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं ओं और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं ओं से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनो में, वर्षा की सम्भावना नहीं है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे उच्च तापमान के प्रभाव को कम करने के लिए फसलों/ लों बगीचों की सिंचाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	गेहूँ में माहू का प्रकोप होने पर, थायोमेथेक्साम 25 डब्लू एस जी के 100 मिली/हैक्टर का या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस एल के 140 मिली/ हैक्टर का 500-600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। 15 दिन पर दूसरा छिड़काव करें। छिड़काव सुबह या शाम उस समय करें जबकि बारिश या तेज हवा नहीं चल रही हों।हों हों समय पर बोई गई फसल में पुष्पावस्था में आने पर सिंचाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
सरसों	सरसों में माहुं का अधिक प्रकोप होने पर मिथाइल-ओ-डिमेटान 25 ई.सी. का 1.5 लीटर/है0 या मैलाथियान 50 ईसी का 2.0 मिली/है0 की दर से छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।
गन्ना	बसंतकालीन गन्ना की बुवाई 15 मार्च तक पूरी कर लें।
मसूर की दाल	मसूर में आवश्यकतानुसार दाना भरने की अवस्था पर सिंचाई अवश्य करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	अगर आम में गुम्बा रोग दिखाई दे तो उसको काटकर निकाल दें तथा जमीन में गड्ढा बनाकर दबा दें। पिछले वर्ष के गुम्बा बौर (मैंगो माल फारमेशन) तथा पंक्तियों को जिस पर खर्रे का अधिक प्रकोप हो तोड़कर नष्ट कर दें।
टमाटर	पछेती झुलसा का प्रकोप होने पर, मैनकोजेब 64% + सायमोक्सैनिल 8% डब्ल्यूपी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर कर करें।
लौकी	लौकी, करेला, तोरई, काशीफल उगाने हेतु खेत की तैयारी करें। खीरा वर्गीय फसलों के लिए पोषक तत्वो के रूप में गोबर की सड़ी हुई खाद अथवा कम्पोस्ट खाद का अधिक से अधिक प्रयोग करें।
सब्जी पीईए	मटर में पौधों की सूखने एवं निचली पत्तियां पीले पड़ने की अवस्था में कार्बेन्डाजिम 1.0 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर जड़ों की सिंचाई करें ।
गोभी	पातगोभी एवं फूलगोभी में निराई गुड़ाई करे यूरिया की टॉप ड्रेसिंग व खेत में नमी बनाकर रखें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	गाय/भैंस के बछड़ों के सींगसीं सीं सीं बड कलिकाओं को एक सप्ताह की उम्र पर ही नष्ट करवा दें।
बकरा	भेड़ व बकरियों में चेचक नामक बीमारी से बचाव हेतु भेड़/बकरी पॉक्स नामक टीका लगवायें।